

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉंग इन करें
https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक 62 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी सोमवार 06 नवंबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार

पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


# जो अपने बेटों के लिए लड़ रहे, वो आपके बेटे-बेटी की चिंता कैसे करेंगे? - मोदी

बेटों को सेट करने के चक्कर में एमपी को अपसेट कर रहे कांग्रेस नेता

*कांग्रेस के लिए एक परिवार से बड़ा कोई नहीं, आजादी का श्रेय एक ही परिवार को दिया*

*जिन्होंने राजकुमार राम को परमात्मा बनाया, हम उन आदिवासियों के पुजारी*

कांग्रेस का मंत्र-काम हॉफ, गरीब की जेब साफ

- नरेंद्र मोदी





सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश में कांग्रेस चुनाव नहीं लड़ रही है। उसे पता है कि वह जीतने नहीं वाली। वो तो चुनाव लड़ने का ढोंग कर रही है, ताकि कहीं से चंदा, डोनेशन मिलना है तो मिल जाए। कांग्रेस में लड़ाई मु यमंत्री की कुर्सी के लिए नहीं हो रही है, उन्हें पता है कि मु यमंत्री भाजपा का ही बनेगा। कांग्रेस के नेताओं में लड़ाई इस बात के लिए हो रही है कि आगे चलकर किसका बेटा कांग्रेस का मुखिया बनेगा। प्रदेश के दो बड़े कांग्रेस नेता अपने-अपने बेटों को सेट करने के चक्कर में प्रदेश को अपसेट कर रहे हैं। जो अपने बेटों के लिए लड़ रहे हैं, वो आपके बेटे-बेटी के बारे में सोचेंगे` या? ये आपके बेटे-बेटी के लिए कुछ कर सकते हैं` या? और अगर ये आपके बेटे-बेटी के लिए कुछ नहीं सोच सकते, कुछ नहीं कर सकते तो फिर ऐसे लोगों की जरूरत` या है? यह बात प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को सिवनी के जगदंबा सिटी मैदान में विराट, अभूतपूर्व और ऐतिहासिक जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

***इसलिए 'एमपी के मन में है मोदी' और 'मोदी के मन में एमपी'***

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि चुनाव के समय पर हर जगह राजनीतिक गुणा भाग करने वाली टोली सक्रिय रहती है, जीत-हार का हिसाब-किताब करती रहती है। आप लोग जितनी बड़ी सं या में मुझे आशीर्वाद देने आए हैं, उसी से यह साफ हो गया है कि किसकी विजय होने जा रही है। श्री मोदी ने कहा कि एमपी के मन में मोदी यों है, इसकी एक बड़ी वजह प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना है। कोरोना के काल में मेरे मन में एक ही विचार चलता था कि दुनिया में इतना बड़ा संकट आया है, परिवार का हर व्यक्ति भय के बीच जी रहा है। बाहर जाना मुश्किल, काम करना मुश्किल। मैंने संकल्प लिया कि इस संकट में किसी गरीब का चूल्हा बुझने नहीं दूंगा। किसी गरीब के बच्चे भूखे न सो जाएं, इसके लिए मैं रात-रात भर जागता रहा। हमने गरीब कल्याण अन्न योजना शुरू की और 80 करोड़ लोगों को मु त अनाज देना शुरू किया। इनमें मध्यप्रदेश के भी 5 लाख लोग शामिल हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि यह योजना एक महीने बाद खत्म होने वाली है। लेकिन मैं गरीबी से निकला हूं और गरीबों के दर्द को समझता हूं। इसलिए हमने यह निर्णय लिया है कि इस योजना को पांच सालों के लिए और बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले कांग्रेस सरकार का हर घोटाला लाखों करोड़ रुपये का होता था। भाजपा सरकार में घोटाले नहीं होते। इस तरह गरीबों के हक का जो पैसा हमने बचाया है, उसे ही गरीबों के राशन पर खर्च करेंगे। घोटालों वाली कांग्रेस और गरीबों की भाजपा सरकार में यही बड़ा अंतर है।

***आदिवासियों के योगदान को भुलाया, एक परिवार को दे दिया आजादी का श्रेय***

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारे आदिवासी परिवारों में लखन कुमार जी के मंदिर में पूजा अर्चना करके खेती शुरू करने की मान्यता है। सिवनी की यह पुण्य भूमि शहीद बिंदु कुमारी, रानी दुर्गावती और राजा शंकर शाह की धरती है। मां भारती और हमारी संस्कृति की रक्षा में हमारे आदिवासी वीर वीरांगनाओं का योगदान यहां हर तरफ दिखता है। लेकिन कांग्रेस ने उसे भुला दिया। कांग्रेस ने आजादी



का सारा श्रेय सिर्फ एक ही परिवार के नाम कर दिया। कांग्रेस के लिए इस एक परिवार से बड़ा कोई और है ही नहीं। कांग्रेस की सरकारों की सारी योजनाएं, वहां के रास्ते और कांग्रेस के घोषणा पत्र में भी वही एक परिवार दिखता है। लेकिन साथियों, यह भाजपा है जिसके लिए हर गरीब, हर पिछड़ा और हर आदिवासी परिवार का सदस्य है। श्री मोदी ने उपस्थित जनसमुदाय से पूछा कि हमारा ये आदिवासी समाज हजारों सालों से है या नहीं?` या हमारा ये आदिवासी समाज भगवान राम के जमाने से नहीं है? हमारे इस आदिवासी समाज ने ही राजकुमार राम को मर्यादा पुरुषोत्तम राम बनाया या नहीं? हमारा आदिवासी समाज इतना पुराना है, लेकिन आजादी के बाद पांच-छह दशकों तक कांग्रेस ने आदिवासी शब्द ही नहीं सुना, आदिवासी कहां रहते हैं, उन्हें पता नहीं था। जब स्व. अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री बने, तो अलग से जनजातीय मंत्रालय बनाया गया। आदिवासी भाइयों के कल्याण के लिए अलग से बजट दिया गया।

***पहले भ्रमित किया, अब गुमराह कर लूटने का खेल रहे कांग्रेसी***

श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस के लोग आजकल आदिवासी क्षेत्रों में जाकर झूठ बोल रहे हैं, उन्हें भ्रमित किया जा रहा है। कांग्रेस ने पहले आपको अंधेरे में रखकर लूटा है और अब आपको गुमराह करके लूटने के खेल खेले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन आदिवासियों ने राजकुमार राम को परमात्मा राम बना दिया, हम उनके पुजारी हैं। भाजपा की सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिन 15 नवंबर को पूरे देश में जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया है। जबलपुर में रानी दुर्गावती के नाम पर भव्य स्मारक बनाया जा रहा है। छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय का नाम राजा शंकरशाह के नाम पर और मंडला मेडिकल कॉलेज का नाम हृदय शाह के नाम पर रखा गया है। भोपाल में देश के सबसे आधुनिक रेलवे स्टेशन का नाम रानी कमलापति के नाम पर और पातालपानी स्टेशन का नाम जननायक टंट्या भील के नाम पर रखा गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने पहली बार बैगा, भारिया और सहरिया जैसी पिछड़ी जनजातियों की सुध ली है। इनके विकास के लिए भारत सरकार 15000 करोड रुपए का एक खास मिशन शुरू करने जा रही है। हमने कु हार, लुहार, दर्जी, धोबी, राज मिस्त्री, बढ़ई और अन्य तरह का काम करने वाले भाइयों के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना शुरू की है। इन लोगों को नए औजार दिलाने और ट्रेनिंग दिलाने की व्यवस्था की गई है। आगे चलकर कारोबार बढ़ाने के लिए लोन भी दिया जाएगा। श्री मोदी कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना के अधिकांश लाभार्थी गरीब, पिछड़े और आदिवासी समाज से ही हैं।

***दादा-दादी, नाना-नानी के नाम पर वोट मांग रही कांग्रेस***

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि हमारे युवा साथी जो पहली बार वोट डालेंगे, उन्हें यह बात खास तौर पर समझना होगी कि कांग्रेस का न तो अपना कोई भविष्य है और न ही उसके पास युवाओं के भविष्य के लिए कोई योजना है, न कोई रोड मैप है। कांग्रेस के लोग आज भी यह कहते हैं कि हमारे दादा-दादी ने ये किया था, इसलिए हमें वोट दो। हमारे नाना-नानी ने ये किया था, इसके लिए हमें वोट दो। लेकिन भाजपा आपके भविष्य के लिए काम कर रही है। प्रदेश में जो आधुनिक सड़कें बन रही हैं, जो आधुनिक ट्रेनें चल रही हैं, ये युवाओं के भविष्य के लिए ही हैं। इनसे विकास होगा औद्योगिक कॉरिडोर बनेंगे और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि यहां के पेंच नेशनल पार्क को मोगली का घर कहा जाता है। इसलिए इस पूरे जनजातीय क्षेत्र में पर्यटन आधारित रोजगारों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। गरीब का जीवन आसान बने, यह भाजपा की प्राथमिकता है। श्री मोदी ने कहा कि आप सभी के हाथों में जो मोबाइल फोन है, इसकी कीमतें भाजपा सरकार ने कम की हैं। कांग्रेस के जमाने में देश में सिर्फ दो फैर्क्ट्रयां थीं, जो मोबाइल बनाती थी। लेकिन



आज हमारी नीतियों के कारण देश में 200 से अधिक स्मार्टफोन बनाने वाली फैर्क्ट्रयां हैं। मोबाइल डाटा की कीमतें भी कम रखकर हमारी सरकार हर उपभोक्ता के 3 से 4 हजार रुपये हर महीने बचा रही है। श्री मोदी ने कहा कि गरीब की जेब साफ, काम हॉफ कांग्रेस का ध्येय वो य है। कांग्रेस विकास नहीं करती, लेकिन गरीबों की जेब जरूर साफ कर देती है। जबकि भाजपा सरकार की पूरी कोशिश गरीब का पैसा बचाने की है। आयुष्मान भारत योजना देश-प्रदेश के गरीबों की बड़ी मदद कर रही है और पांच लाख तक मु त इलाज मिल रहा है। सिवनी जिले में मेडिकल कॉलेज बन गया है और 300 से ज्यादा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स खुल चुके हैं। इनका ज्यादातर लाभ हमारी माताओं-बहनों को मिल रहा है। श्री मोदी ने कहा कि दवाओं पर होने वाले खर्च को कम करने के लिए हमारी सरकार ने करीब 10,000 जन औषधि केंद्र खुलवाए। इनमें दवाओं पर 80 प्रतिशत डिस्काउंट दिया जाता है। सस्ती दवाएं उपलब्ध कराकर भाजपा की सरकार ने गरीबों के 25000 करोड़ बचाए हैं।

***कांग्रेस ने कभी छोटे किसानों के बारे में नहीं सोचा***

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भाजपा की सरकार गरीबों, देश के मध्यम वर्ग के साथ-साथ किसानों के पैसे भी बचा रही है। यूरिया हमारे किसानों की जिंदगी का हिस्सा है। लेकिन जो यूरिया हमारे किसान खेतों में डालते हैं, उसकी अमेरिका में कीमत 3000 रुपये है। हमारे पड़ोसी देशों में भी यूरिया की बोरी 2500-3000 रुपये में मिलती है। लेकिन हमारे देश में यूरिया की बोरी किसानों को 300 रुपये में मिल रही है। इस पर हमारी सरकार हर साल लाखों करोड़ रुपये खर्च कर रही है। श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने अगर किसी का सबसे ज्यादा नुकसान किया है, धोखा दिया है, तो वह हमारे छोटे किसान हैं। कांग्रेस ने कभी इनके बारे में नहीं सोचा। आपने जब मुझे दिल्ली भेजा तो हमारी सरकार ने किसान स मान निधि योजना बनाई। इस योजना के अंतर्गत 2 लाख 60 हजार करोड़ किसानों के खाते में जमा किए जा चुके हैं। सिवनी के भी ढाई लाख किसानों को इस योजना का लाभ मिला है। दूसरी तरफ कांग्रेस वाले कर्जमाफी की झूठी घोषणाएं करते हैं। पांच साल पहले भी उनके नेताओं ने 10 दिनों में कर्जमाफी का वादा किया था। लेकिन डेढ़ साल सरकार चलाने के बाद भी उन्होंने एक पाई माफ नहीं की। श्री मोदी ने कहा कि किसानों को सशक्त बनाने के लिए भाजपा ने गेहूं, मूंगफली और चने का समर्थन मूल्य बढ़ाया है। कांग्रेस सरकार दलहन और तिलहन फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीद ना के बराबर करती थी। लेकिन हमारी सरकार ने मूंगफली के समर्थन मूल्य में भी 500 रुपये की वृद्धि की है। हमारे किसान भाइयों की जेब में ज्यादा से ज्यादा पैसा जाए, यही भाजपा सरकार की प्रतिबद्धता है।

***बहन-बेटियों को समर्पित डबल इंजन की सरकार***

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार माता-बहनों, बेटियों के लिए समर्पित सरकार है। हमने गरीबों के लिए पक्के घर दिए तो घर की मालकिन के नाम पर रजिस्ट्री का प्रावधान किया। इससे पहले हर संपत्ति सिर्फ पुरुषों के नाम पर ही होती थी। माता- बहनों को तकलीफ न उठानी पड़े, इसके लिए हमने टॉयलेट बनाए, गैस कने शन दिए और बिजली कने शन दिए। हम हर घर तक नल से जल पहुंचाने के काम में जुटे हैं। श्री मोदी ने कहा कि बहनों के सशक्तीकरण के लिए मध्यप्रदेश सरकार ने भी लाडली बहना योजना बनाई है। इस योजना में शामिल बहनों में से अधिकतर गरीब, पिछड़े और आदिवासी परिवारों की हैं।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि अगर आप सब मेरी बातों से सहमत हैं, तो मेरा एक काम करें। यहां से जाने के बाद हर घर में जाएं और उस घर के लोगों को बताएं कि मोदी जी आए थे और उन्होंने आपके लिए ये संदेश दिया है।

भाजपा मीडिया प्रभारी श्रीकांत अग्रवाल ने बताया कि , इस जनसभा में केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल, श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, सांसद ढालसिंह बिसेन, प्रदेश महामंत्री व सांसद सुश्री कविता पाटीदार, प्रदेश मंत्री श्री आशीष दुबे, सह संयोजक नरेश दिवाकर, शैलेंद्र बरुआ, सिवनी विस प्रत्याशी दिनेश राय, केवलारी राकेश पाल, बरघाट श्री कमल मर्सकोले, के साथ ही बालाघाट एवं छिंदवाडा के सभी भाजपा प्रत्याशी व सिवनी जिला अध्यक्ष आलोक दुबे, छिंदवाडा जिलाध्यक्ष प्रियवत सिंह, बालाघाट जिलाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल इत्यादि शामिल थे।

सभा के पूर्व हेलीपैड पर, सभाकक्ष में तथा मंच पर सभी दायित्ववान कार्यकर्ताओं से भेंट कर उनका परिचय भी जाना।

# हजारों कार्यकर्ताओं के साथ रजनीश सिंह ने किया छपारा में जनसंपर्क

**बड़े बुजुर्गों और माता बहिनों ने दिया आशीर्वाद**

छपारा यशोः- केवलारी विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी ठाकुर रजनीश सिंह ने पार्टी के हजारों कार्यकर्ताओं व पदाधिकारी के साथ नगर छपारा के गली मोहल्लों में जनसंपर्क किया जहां जनसंपर्क कार्यक्रम कांग्रेस कार्यालय से मु य मार्ग बस स्टैंड होते हुए मेन मार्केट नवोदित मंजल, कु हारी वार्ड, सोनी वार्ड, पिंजारी वार्ड, झंडा चौक, जैन मोहल्ला, तकिया वार्ड के बाद माता मोहल्ला, डुंगरिया बंजारा मोहल्ला में जनसंपर्क कार्यक्रम भारी सं या के साथ किया गया जनसंपर्क के दौरान ठाकुर रजनीश सिंह को हर चौक चौराहे गली मोहल्ले में लोगों ने घर से निकलकर फूल मालाएं पहनाकर तिलक वंदन कर स्वागत किया और रजनीश सिंह को आशीर्वाद प्रदान किया



**क्षेत्र का विकास अब मेरी पहली प्राथमिकता- रजनीश सिंह**

जनसंपर्क के दौरान ठाकुर रजनीश सिंह ने मतदाताओं के बीच भरोसा दिलाया कि अब केवलारी विधानसभा के सभी ग्राम क्षेत्र में रहने वाले सर्वधर्म के लोगों की समस्या मेरी समस्या होगी अब क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास करना और समस्याओं का हल निकालना ही मेरी प्राथमिकता है रजनीश सिंह ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस पार्टी के वचन पत्र में सभी वर्ग माताएं बहनें, किसानों, युवाओं, बुजुर्गों का ध्यान रखा गया है प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही क्षेत्र के विकास में तत्परता दिखाते हुए लोगों को लाभ दिलाया जाएगा

**तिलक लगाकर, फूल मालाओं से जगह-जगह हुआ स्वागत**

जनसंपर्क के दौरान छपारा नगर के रहवासियों ने ठाकुर रजनीश सिंह को अपने घरों से निकलकर तिलक बंधन कर फूल मालाओं से स्वागत किया और रजनीश सिंह को आशीर्वाद दिया छपारा नगर में हुए जनसंपर्क से लोगों में ठाकुर रजनीश के प्रति एक विश्वास और भरोसा कायम हुआ।

## जबरन नॉलेज




# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा में विशाल जनसमुदाय उमड़ा



सिवनी यशोः- देश के प्रधानमत्री नरेन्द्र मोदी का संबोधन सुनने के लिये सिवनी जिले का विशाल जनसमुदाय जिस तरह से उमड़ा वैसा जन समुदाय किसी अन्य राजनेता की जनसभा में नहीं दिखा। यहाँ बतादें कि प्रशासन ने मैदान में पचास हजार कुर्सिया लगायी थी इन कुर्सियों के अतिरिक्त मैदान में ही चारों ओर विशाल जनसमुदाय दिख रहा था। वहीं सभा के अंतिम बाद तक बायपास के दोनो ओर दो किलोमीटर तक जनता सड़क से आते हुये दिखाई दे रही है। सभा स्थल पर बिलंब से आने वालों की सं या की इतनी अधिक थी कि मैदान में यह सं या यदि समय पर पहुँच जाती तो कार्यक्रम स्थल का मैदान सभा और व्यवस्था के हिसाब से छोटा दिखाई देता। सभा में इतनी बड़ी सं या में मोदी को सुनने के लिये जनता का आना स्पष्ट करता है कि मोदी की लोक प्रियता का का आकर्षण का जादू था। इस सभा में विकलांग और बुर्जर्गो और महिलाओं की सं या अत्याधिक दिखाई दे रही थी।

प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम में जनसमुदाय का बिलंब से पहुँचाने का बड़ा कारण सोशल मीडिया में प्रधानमंत्री जी के सिवनी पहुँचने का मिनिट टू मिनिट कार्यक्रम का प्रचार प्रसार था मोदी जी के सिवनी पहुंचने के समय के साथ जो सुरक्षा व्यवस्था होती है उसका ग्रामीण क्षेत्र की जनता को अनुमान नहीं था और सुरक्षा कारणों से वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था दूर होने के कारण लंबी दूरी तक पैदल चलकर सभा स्थल पर आम जनता पहुँच रही थी। सभा में सं या के बढते दबाव और वाहनो से मार्गो में जाम की स्थिती निर्मित होने से आमजनता देर से पहुँची। सिवनी जिले में प्रधानमंत्री मोदी जी की आम सभा ऐतिहासिक थी इसके पूर्व इतनी बड़ी आमसभा कभी किसी भी नेता की नहीं हुई।

# लाडली बहना योजना के लिए संचालनालय महिला बाल विकास से सर्कुलर जारी

भोपाल। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव आचार संहिता लागू है। लाडली बहना योजना को मध्य प्रदेश सरकार की चुनावी योजना कहा जाता है। पिछले दिनों कुछ लोगों ने दावा किया था कि चुनाव आचार संहिता लागू हो जाने के कारण लाडली बहना योजना के तहत मिलने वाली आर्थिक सहायता, नवंबर के महीने में नहीं मिलेगी। इस संबंध में महिला बाल विकास विभाग मध्य प्रदेश के आयुक्त डॉ रामराव भोसले का सर्कुलर जारी हो गया है।

**मध्य प्रदेश में लाडली बहना योजना की राशि 10 नवंबर को नहीं मिलेगी**

संचालनालय महिला बाल विकास की ओर से मध्य प्रदेश के समस्त जिला कार्यक्रम अधिकारी के नाम जारी पत्र में कमिश्नर भोसले ने लिखा है कि, मु यमंत्री लाडली बहना योजना 2023 अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को माह नव बर 2023 की मासिक आर्थिक सहायता राशि का अंतरण निर्धारित तिथि दिनांक 10 नव बर 2023 के स्थान पर दिनांक 07 नव बर 2023 (दिन-मंगलवार) को किया जाना है।

**मध्य प्रदेश में लाडली बहना योजना की राशि किसे मिलेगी और किसे नहीं**

मध्यप्रदेश विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 हेतु प्रभावशील आदर्श आचार संहिता के दृष्टिगत माह नव बर 2023 की मासिक आर्थिक सहायता राशि का दिनांक 07 नव बर 2023 को भुगतान केवल उन पात्र हितग्राहियों को किया जाना है, जिन्हें माह अे टूबर 2023 की मासिक आर्थिक सहायता राशि का सफल भुगतान किया जा चुका है। तदनुसार जिलावार उक्त हितग्राहियों की सूची प्रत्येक जिले के जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के लॉग-इन पर एमपीएसईडीसी द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी।

**मध्य प्रदेश में लाडली बहना योजना की राशि अंतरण हेतु डेट शीट**

प्रत्येक जिले के जिला कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा दिनांक 04 नव बर एवं 05 नव बर 2023 को उक्त सूची के आधार पर पोर्टल में अपने लाग-इन से ई-पेमेंट हेतु इले ट्रानिक स्वीकृति आदेश एवं डिजीटली साईन्ड इले ट्रानिक भुगतान आदेश पोर्टल के माध्यम से भुगतान हेतु बैंक को अनिवार्यतः प्रेषित किये जायेंगे, जिससे कि बैंक द्वारा खाते में अग्रिम जमा राशि में से हितग्राहियों के खाते में राशि का अंतरण दिनांक 07 नव बर 2023 को किया जा सके। यहाँ स्पष्ट किया जाता है कि दिनांक 04 एवं 05 नव बर 2023 को शासकीय अवकाश है, परंतु अवकाश अवधि में उक्त कार्य को अनिवार्यतः समयावधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

उल्लेखनीय है कि प्रभावशील आदर्श आचार संहिता के दृष्टिगत यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रथम बार योजना अंतर्गत भुगतान प्राप्त करने वाले प्रकरण भुगतान हेतु प्रोसेस नही किये जाये साथ ही जिन हितग्राहियों को माह अे टूबर 2023 सहित पूर्व के माहों में भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है आगामी सूचना तक इस प्रकार के प्रकरणों को भुगतान हेतु रिप्रोसेस भी नहीं किया जाये।

# 3 नव बर 1917 सुप्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अन्नपूर्णा महाराणा का जन्म

## चौदह वर्ष की आयु में माता पिता के बंदी : स्वतंत्रता के बाद आपातकाल में भी बंदी

**रमेश शर्मा-**

भारतीय स्वाधीनता के लिये अंग्रेजी काल में संघर्ष करने वाले कुछ ऐसे सेनानी भी हैं जिनका पूरा जीवन संघर्ष में बीता। अंग्रेजी काल में तो जेल यात्रा की ही । स्वतंत्रता के बाद भी जेल से पीछा न छूटा। अन्नपूर्णा महाराणा ऐसी ही विभूति थीं जो स्वतंत्रता के बाद 1975 केआपातकाल में भी जेल बनाई गई।

वे मूल उड़ीसा प्राँत की रहने वाली थीं। उनकी माता रमा देवी और पिता गोपाबंधु चौधरी भी सुप्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। पिता जज की नौकरी छोड़कर स्वतंत्रता संग्राम में स मलित हुये थे।

गाँधी जी के आव्हान पर 1931 में नमक सत्याग्रह आरंभ हुआ। पिता गोपाबंधु और माता रमादेवी इस आँदोलन में हिस्सा लिया। अन्नपूर्णा की आयु तब चौदह वर्ष ही थी। वे माता पिता के साथ आँदोलन में सहभागी बनीं और बंदी बनाई गई। उम्र कम होने के कारण चेतावनी देकर छोड़ दीं गई। फिर उनका संघर्ष कभी न रुका। वे गाँधी जी के संपर्क में आई और अपना पूरा जीवन राष्ट्रसेवा में समर्पित कर दिया।

1934 में उन्होंने गांधीजी के साथ पदयात्रा आरंभ की और पुरी से भद्रक तक 180 किलोमीटर पैदल चलीं। स्वतंत्रता आँदोलन में इतनी लंबी पदयात्रा करने वाली वे अकेली स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थीं। 1942 में अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन, सविनय अवज्ञा आँदोलन सहित वे




आँदोलनों में सहभागी बनीं और गिर तार की गई।

आँदोलनों के बीच ही 1942 में अन्नपूर्णा जी ने सामाजिक कार्यकर्ता शरत चंद महाराणा से विवाह किया । अब उनकी पहचान अन्नपूर्णा दास से अन्नपूर्णा महाराणा हो गई। यह अंतर्जातीय विवाह था। जो समाज में जातीय भेदभाव दूर करने का संदेश देने के लिये उन्होंने स्वयं आगे बढ़कर इस विवाह का प्रस्ताव किया था । शरत चंद महाराणा एक शिक्षाविद् और राष्ट्रसेवी थे। वे समाज में विशेषकर सेवा वर्ग और वनवासी क्षेत्रों में जाग्रति और शिक्षा प्रसार का काम कर रहे थे । स्वतंत्रता आँदोलन के दौरान अन्नपूर्णा जी की माता रमादेवी ने एक समाचार पत्र ÷ग्राम सेवा÷ प्रारंभ किया था । अन्नपूर्णा जी ने इसका संपादन संभाला।

स्वतंत्रता के बाद भारत विभाजन और तत्कालीन परिस्थियों में लिये गये कुछ राजनैतिक निर्णयों के चलते उनके काँग्रेस से कुछ मतभेद हुये। उन्होंने स्वयं को विभाजन से पीड़ित होकर आ रहे शरणार्थियों की सेवा में लगाया। इन सेवा कार्यो में वे पाकिस्तान की माँग के लिये मुस्लिम लीग के डायरे ट ऐ शन के बाद लगीं थीं। विभाजन के समय वे नौवाखाली में थीं। स्थिति सामान्य होने पर अन्नपूर्णा जी ने काँग्रेस से त्यागपत्र तो न दिया पर राजनीति से दूरी बना ली और पूरी तरह समाज सेवा में लग गईं। उन्होंने विशेषकर महिलाओं, बच्चों और शोषित वर्ग में जाग्रति के सेवाकार्य आरंभ किये। वे सनातन समाज के एक समरस स्वरूप की पक्षधर थीं, जातिभेद मिटाना चाहतीं थीं पर यह काम संघर्ष से नहीं अपितु समन्वय और सेवा से करना चाहतीं थीं। जैसा गाँधी जी ने सेवा बस्तियों में कार्य आरंभ किये थे। उनपर गाँधी जी के सेवा कार्यो का बहुत प्रभाव था । अन्नपूर्णा जी ने उसी प्रकार काम आरंभ किये। जनजातीय समाज के बच्चों के लिए ओडिशा के रायगढ़ जिले में विद्यालय खोला। 1951 से वे विनोबा भावे द्वारा आरंभ किये गये भूदान आन्दोलन से जुड़ीं और अनेक प्रभावशाली भूस्वामियों से भूमि दान लेकर कृषि श्रमिकों को आवंटित की । बिनोबा जी ने जब चंबल घाटी के सक्रिय डकैतो को मु य धारा में लौटने के लिए समर्पण अभियान चलाया तो अन्नपूर्णा जी भी इसमें सहभागी बनीं और लंबे समय तक दस्यु समर्पण आँदोलन से जुड़ीं रहीं।

1975 में लगाये गये आपातकाल का उन्होंने विरोध किया और अपने संपादन में प्रकाशित होने वाले ÷ग्राम सेवा÷ लेख लिखकर विरोध जताया। इस समाचार पत्र पर छापा पड़ा और समाचार पत्र पर प्रतिबंध लगा दिया गया।

अन्नपूर्णा देवी ने आपातकाल की स ती का विरोध किया और कुछ समाजसेवियों की एक टोली बनाकर प्रदर्शन किया वे गिर तार हुई । उनके साथ कृष्ण चौधरी, हरिकृष्णा महाबत, मनमोहन चौधरी और जयकृष्ण मोहंती भी आपातकाल में बंदी बनाये गये । इन सभी पर मीसा कानून लगाया गया । आपातकाल के बाद उन्होंने स्वयं को विद्यालय तक सीमित कर लिया । समय के साथ उन्हें अनेक बीमारियों ने घेर लिया । उनके जीवन के अंतिम वर्ष बीमारियों में ही बीते । और 31 दिसंबर 2012 को 96 वर्ष की उम्र में उन्होंने अपने जीवन की अंतिम श्वाँस ली । 2 जनवरी 2012 को कटक के खन्नागर विश्राम घाट में उनका अंतिम संस्कार हुआ।

उनका पूरा जीवन नागरिक अधिकार, नागरिक स्वतंत्रता और स्वाभिमान जागरण के लिये समर्पित रहा। इसके लिये पहले अंग्रेजी सरकार से और फिर स्वतंत्र भारत की सरकार से भी।

# अधिग्रहित वाहनों की व्यवस्था के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

मंडला यशोः - विधानसभा आम निर्वाचन-2023 में मतदान दलों के आवागमन के लिए अधिग्रहित किए जाने वाले वाहनों के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति कर दी गई है। अधिग्रहित वाहन- बस, मिनी बस तथा अन्य छोटे वाहनों को शासकीय पॉलीटेर्क्नक ग्राउंड मंडला में एकत्रित किया जाना है। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मतदान दलों के परिवहन हेतु 14 नवंबर से आने वाले वाहनों को विधानसभावार लगाए जाने कॉलेज ग्राउंड मंडला के निर्धारित स्थान पर रूटचार्ट अनुसार लेआउट, वाहन के आने-जाने का मार्ग चिन्हांकन तथा वाहनों की सुगमता हेतु अन्य तैयारियों के लिए प्रेमकुमार कुस्मरे कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग क्रं. 2 मंडला को नोडल अधिकारी तथा राहुल मंडरहा सहायक यंत्री जनपद पंचायत मोहगांव को सहायक नोडल नियुक्त किया गया है।

# फर्जी तरीके से लोन दिलाने वाली गैंग को किया गिर तार

इंदौर। इंदौर की एरोड्रम पुलिस ने फर्जी तरीके से लोन दिलाने वाली गैंग को गिर तार करने में सफलता हासिल की है। बता दें कि इस गैंग में 2 महिलाएं भी शामिल हैं। गैंग द्वारा शासकीय और प्राइवेट बैंकों से शासकीय कर्मचारी बता कर 3 करोड़ के फर्जी लोन दिलवाकर बैंकों को चुना लगा चुकी है।

**SBI बैंक ने की थी शिकायत**

दरसअल, इंदौर की एरोड्रम पुलिस को स्वच्छ बैंक द्वारा एक शिकायत की गई थी। बताया गया कि पिछले दिनों बैंक से महिलाओं के नाम से दो 15 , 15 लाख लोन सेशन कराए गए थे, जहां महिलाओं द्वारा गवर्मेंट सर्वेंट बताकर लोन लिया गया था। जिसमें एक महिला को सीएमएचओ में कार्यरत बताया और दूसरी महिला ने शासकीय टीचर बता कर 15, 15 लाख के लोन लिए थे।

**पुलिस ने की जांच**

वहीं, जब पुलिस ने जब लोन के दस्तावेज की जांच की तो पता चला इस नाम की कोई भी महिला इस डिपार्टमेंट में नौकरी में नही करती है। बता दें कि महिला द्वारा महीने की हर 1 तारीख सैलरी एंड ट्रेजिडी के नाम से क्रेडिट हो रहा था। इन खातों के बारे में जब पुलिस ने पता किया तो यह खाते होशंगाबाद और रायसेन से आपरेट होना पाया गया। पकड़ेगए गिरोह के 7 सदस्य शासकीय कर्मचारी बता कर फर्जी तरीके से करोड़ों के लोन दिलवाया करते थे।

**DCP ने कही ये बात**

पुलिस के मुताबिक, पकड़े गए आरोपी शासकीय और प्राइवेट बैंकों से करोड़ों के लोन दिलवा चुके है। वहीं, डीसीपी आदित्य मिश्रा ने बताया कि आरोपी द्वारा फर्जी लोन लेने के लिए आधार कार्ड की फ्रंट की कॉपी किसी और की और बेक साइड की कॉपी रिटायर्ड टीआई और वर्तमान की टीआई की लगा देते थे, जिससे आसानी से लोन सेशन हो जाता था। पुलिस द्वारा आने वाले दिनों में बैंक अधिकारियों के साथ और भी कई लोगों को आरोपी बनाया जा सकता है। फिलहाल, सभी आरोपीयों से पुलिस द्वारा पूछताछ जारी है।

# छत्तीसगढ़ की सीमा से 3 किलोमीटर की दूरी तक शुष्क दिवस घोषित

मंडला यशोः- मध्यप्रदेश की सीमा से लगे छत्तीसगढ़ राज्य के जिला कबीरधाम में प्रथम चरण में मतदान दिनांक 7 नवंबर 2023 के लिए मतदान समाप्ति के नियत समय से 48 घंटे पूर्व से मतदान समाप्ति तक, छत्तीसगढ़ राज्य के मध्यप्रदेश के सीमावर्ती जिला मण्डला की सीमा से 3 किलोमीटर की दूरी तक की सीमा में कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना द्वारा शुष्क दिवस घोषित किया गया है। उक्तानुसार शुष्क दिवस, अवधि में किसी भी मदिरा का विक्रय, सेवा अथवा प्रदाय प्रतिबन्धित किया गया है। किसी भी होटल, आहार गृह, गैर मालिकाना लब, मधुशाला में अथवा अन्य किसी सार्वजनिक तथा निजी स्थान में कोई भी स्प्रिटयुक्त, किण्वित या मादक लिकर या वैसी ही प्रकृति या अन्य पदार्थ का भी विक्रय, वितरण प्रतिबन्धित किया गया है।

# गुस्साए वोटर ने सिंधिया समर्थक मंत्री प्रत्याशी का अंगूठा काट लिया

भोपाल। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव 2023 के अंतर्गत शिवपुरी जिले की पोहरी विधानसभा सीट पर केंद्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के विशेष प्रयासों से भाजपा के प्रत्याशी घोषित हुए मंत्री श्री सुरेश धाकड़ राठखेडा पर जनसंपर्क के दौरान हमला हो गया। एक मतदाता ने उनका अंगूठा काट लिया। चोट इतनी गहरी थी कि टांके लगवाने पड़े, लेकिन चुनाव चल रहे हैं इसलिए स्न्नक्रदर्ज नहीं करवाई गई।



**जैसे ही मंत्री जी ने मिलाने के लिए हाथ आगे बढ़ाया**

जानकारी के अनुसार भाजपा प्रत्याशी एवं शिवराज सरकार में मंत्री श्री सुरेश धाकड़ राठखेडा पोहरी विधानसभा के छर्च गांव में शाम को लगभग 5:30 बजे अपने पूरे लावलश्कर के साथ जनसंपर्क कर रहे थे। छर्च गांव के रहने वाले रामप्रसाद जाटव अपने घर के बाहर चबूतरे पर कुछ लोगों के साथ बैठा हुआ था तभी मंत्रीजी अपने समर्थकों के साथ जनसंपर्क करने वहां आ पहुंचे और रामप्रसाद जाटव से जैसे ही मंत्री जी ने हाथ मिलाया तो रामप्रसाद ने मंत्री जी का हाथ अपने मुंह में भर लिया और अंगूठे के ऊपर के हिस्से में जोर से काट लिया।

**चुनाव का दबाव - मंत्री जी ने मामला दर्ज नहीं करवाया**

बताया जा रहा है कि मंत्री जी के सुरक्षा कर्मियों ने हाथ छुड़ाने का प्रयास किया तो वह सुरक्षा कर्मियो से भी उलझ गया। इस घटना में सुरेश राठखेडा के हाथ में चोट आ गई और तीन टाके लगवाने पड़े है। जब रामप्रसाद ने मंत्री जी का हाथ काटा और वह छोड़ नहीं रहा था तो मंत्री जी के सुरक्षा गार्ड ने युवक से मंत्री जी का हाथ छुडवाने का प्रयास किया तो वह सुरक्षा गार्ड पर भी हावी हो गया, बड़ी मुश्किल से युवक ने मंत्री सुरेश राठखेडा का हाथ युवक के मुंह से छुड़ाया था। युवक को थाने मे बंद करा दिया गया था लेकिन मंत्री जी ने कोई पुलिस कंप्लेंट नहीं की इस कारण उसे 1 घंटे बाद छोड दिया गया।

**मंत्री जी ने घर से भगा दिया था**

ग्रामीणों ने बताया कि, चुनाव से पहले रामप्रसाद, मंत्री जी के निज निवास पोहरी किसी काम से गया हुआ था लेकिन मंत्री जी ने रामप्रसाद जाटव ने कहा था कि तुमने कैलाश कुशवाह को वोट दिया था अब काम को लेकर भी उसके पास जाओ। इस कारण मंत्री जी से रामप्रसाद जाटव नाराज था। इससे पूर्व भी मंत्रीजी के नाराजगी भरे वीडियो वायरल भी हुए है।

# आचार संहिता या लगी वन विहार नेशनल पार्क किराए पर दे दिया

भोपाल। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में वन विभाग के अधिकारियों की मनमानी का एक और उदाहरण सामने आया है। मध्य प्रदेश के राज्य सूचना आयुक्त श्री राहुल सिंह ने बताया कि, वन विहार नेशनल पार्क की सीमा के अंदर एक वेब सीरीज की शूटिंग की तैयारी चल रही है। अर्थात वन विभाग के अधिकारियों ने वन विहार नेशनल पार्क ही किराए पर दे दिया।



आयुक्त श्री राहुल सिंह ने एक वीडियो शेयर करते हुए बताया है कि, वन विहार के सीमा क्षेत्र में इलें ट्रक जनरेटर और दूसरी ऐसी मशीन लाई जा रही है जो शूटिंग के लिए जरूरी है लेकिन वन एवं वन्य प्राणियों के लिए हानिकारक है और गैर कानूनी भी है। श्री सिंह ने कहा कि भोपाल का वन विहार पूरे भारत में अपनी तरह का अनोखा प्रतिष्ठान है। यह राष्ट्रीय उद्यान है, यह प्राणी उद्यान है, यह वन्य जीवों का रेसे यू सेंटर है। इस क्षेत्र को वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत संरक्षित करना चाहिए।

# राष्ट्रपति भवन में लगेगी मध्य प्रदेश के कान्हा के बाघदेव की पेंटिंग

बालाघाट। बिंदु शैली चित्रकला के क्षेत्र में कार्य कर रहे आदिवासी वनांचल क्षेत्र बैहर तहसील के ग्राम मोहबट्टा निवासी पेंटिंग कलाकार मनोज गढ़पाल के पार्क द्वारा बनाई गई कान्हा नेशनल पार्क के बाघदेव की पेंटिंग देश के राष्ट्रपति भवन में लगाई जाएगी। बताया गया कि चित्रकार मनोज गढ़पाल के द्वारा कान्हा टाइगर रिजर्व नेशनल पार्क की ओर से बनाई गई पेंटिंग को राष्ट्रपति द्रौपति मुर्मू के द्वारा स्वीकार की गई है।

साथ ही यह पेंटिंग राष्ट्रपति भवन में लगाई जाएगी जो कान्हा नेशनल पार्क के समूचे बैहर क्षेत्र सहित जिले, प्रदेश व देश के लिए गौरव की बात है। पेंटिंग द्वारा कलाकार मनोज गढ़पाल ने इस गई उपलब्धि का श्रेय कान्हा नेशनल को दिया है। जिसके कारण कि उनकी पेंटिंग राष्ट्रपति भवन चुनी गई है। मनोज गढ़पाल ने बताया कि इंडिया हेविटेट सेंटर दिल्ली में दो नवंबर से चार नवंबर तक आयोजित चित्रकला प्रदर्शनी में पेंटिंग भेजी गई थी। जिसमें पेंटिंग का चयन किया गया। इसके बाद राष्ट्रपति को सौंपा गया। उन्होंने बताया कि वह लगातार बिंदु चित्रकला के क्षेत्र में कार्य करते है।

कान्हा नेशनल पार्क से लगे आदिवासी वनांचल क्षेत्रों में निवासरत बैगा जनजाति के रहन सहन, कान्हा नेशनल पार्क की शान बाघ जिसे यहां की जनजाति के रूप में (बाघदेव) मानती उनके सहित कई तरह की पेंटिंग उनके बिंदु शैली चित्रकला में बनाई गई। जिसकी खूब सराहना की गई।

**इन्होंने पेंटिंग की प्रदर्शनी में पेश**


मनोज ने बताया कि वे वर्ष 2012 से कान्हा नेशनल पार्क के लिए पेंटिंग का कार्य करते हैं। टाइगर रिजर्व ओडिशा की ओर से बिंदु शैली में कान्हा नेशनल पार्क के बैगा जनजाति के बाघ देवता की पेंटिंग को संजय मरांडी और अंजना मरांडी के द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिसमें आदिवासी जनजाति की आस्था को दर्शाया गया है। मनोज की पेंटिंग को दिया मिर्जा, दिव्या सेठ, वहीदा रहमान, रजा मुराद, अमोल पालेकर, डो टर कर्मा भुटान, श्रेया घोसाल के साथ ही कान्हा नेशनल पार्क आने वाले पर्यटकों ने खूब सराहा है। मनोज की इस उपलब्धि पर उनके शुभ चिंतकों ने बधाई प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# गीत-नगरी ग्वालियर को "सिटी ऑफ यूजिक के रूप में यूनेस्को द्वारा विश्व मान्यता

**संगीत-समृद्ध विरासत का ग्वालियर**

**राज किशोर वाजपेयी "अभय"**

नए भारत के हुँकार के रूप में साहित्य संगीत की नगरी ग्वालियर को यूनेस्को द्वारा ÷ सिटी ऑफ यूजिक ÷ के रूप में स्वीकारना भारत की महान सांस्कृतिक परंपराओं की गालव तपोस्थली की भी स्वीकारोक्ति है। ग्वालियर संगीत की 500 वर्षो की विरासत को समेटे अपने संगीतमय स्वरूप को आधिकारिक रूप से मान्य किए जाने से प्रफुल्लित है। तथ्यात्मक रूप से ग्वालियर अपनी संगीत परंपरा के लिए मध्यकाल से ही वि यात रहा है। यूनेस्को द्वारा इसको सिटी आफ जॉय सिटी ऑफ यूजिक के रूप में स्वीकारने के लिए पूर्व से ही पर्याप्त आधार थे लेकिन विलंब से ही से ही विश्व पटल पर सत्य की स्वीकारोक्ति हुई है। मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग ने इसका प्रस्ताव यूनेस्को को भेजा था और इस प्रस्ताव को स्वीकारने का



आधार ग्वालियर की संगीत परंपरा, स्मारक समूह, विश्वविद्यालय, संस्थान, संगीत के राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय आयोजन जैसे मजबूत आधार रहे हैं। यही कारण है ग्वालियर के दावे को नकारना संभव नही हो सका।

ग्वालियर की संगीत परंपरा ग्वालियर का याल, ध्रुपद तो गत पांच शताब्दी से संगीत परिवेश को अनुनादित कर रहा था। राजा मानसिंह की द्वारा ध्रुपद को संस्कृत से लोक-भाषा ब्रज-भाषा के रूप में रूपांतरित कर जन- जन तक स्वीकार करा दिया गया। बैजू बावरा, जो वि यात संगीतज्ञ तानसेन के समकालीन थे उन्होंने बिना दरबारी हुए भी याति प्राप्त की, राजा मानसिंह, बैजू बावरा के अतिरिक्त संगीत सम्राट तानसेन उस्ताद हरसू हद्दू खान जिन्होंने ग्वालियर घराने के रूप में प्रसिद्धि प्राप्त की उस्ताद हाफिज अली खान जिन्होंने प्रसिद्ध बंगश घराने के सरोद वादक, कृष्ण राव शंकर पंडित, राजा भैया पूछ वाले जैसी विभूतियों की परंपरा ग्वालियर में अनवरत देखने को मिलती है, वैसी अन्य जगह कम ही मिलती है।

ग्वालियर का संगीत विश्वविद्यालय, ग्वालियर का संगीत महाविद्यालय , ग्वालियर ग्वालियर का तानसेन संगीत -समारोह ,ग्वालियर का सरोद-घर , ग्वालियर का बैजा-ताल का रंगमंच ग्वालियर का मोह मद गौस का मकबरा, मान-मंदिर,गूजरी महल, ग्वालियर को संगीत नगरी का ताज पहनाने के लिए समर्थ है। अकबर दरबार के प्रसिद्ध संगीतज्ञ तानसेन जिनके गाये दीपक राग से दीपक जल जाते थे, राग मल्हार से बर्षा होने लगती थी। राजा मानसिंह लिखित ग्रंथ रचना मान- कुतूहल ग्वालियर समृद्धि विरासत प्रदान करती है।

ग्वालियर कला का वह मकरंद है जिसकी सुगंध रूपी विभूतियाँ कला क्षेत्र को सुरभित करती ही रहती हैं। ग्वालियर का संगीत अपने मानकों के साथ-साथ अपनी विरासत के लिए भी प्रसिद्ध है।

भारत अपने गौरव के स्थान को प्राप्त कर रहा है 21 वीं शताब्दी विश्व में मानव मूल्यों की स्थापना करते हुए भारत की है। जिसमें कला और मानवता के मूल्य विश्व पटल पर भारत का विश्व-दर्शन करने वाले हैं। 1000 साल के संघर्ष-काल के बाद जगा हुआ भारत तब और अधिक प्रफुल्लित होता है जब एक नवंबर को मध्य प्रदेश के स्थापना दिवस पर ग्वालियर को विश्व संस्था द्वारा सिटी आफ यूजिक के रूप में स्वीकार किया जाता है। अब ग्वालियर की जि मेदारी और महत्व दोनों बढ़ गए हैं। हमें अपनी विश्व-व्यापी याति को न केवल सहेजना है गौरवान्वित करना है, बल्कि उसको और समृद्धि करना है। आने वाले समय में विश्व पर्यटन की केंद्र के रूप में ग्वालियर विश्व मानचित्र पर और अधिक स मोहन के साथ में अपने स्वरूप को प्रस्तुत करेगा यह है अवसर हम सब कुछ हम सब की प्रसन्नता के साथ-साथ जि मेदारियां का भी है। हम अपने गौरव के साथ-साथ भारत उदय साधनाष-यज्ञ में अपने आप को सचेष्ट रखें। यही समय की मांग है और यही हमारी प्रसन्नता का विजयी उद्घोष भी। स्वर्णिम-भविष्य हमारी प्रतीक्षा कर रहा है।

# केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की बंसल वन स्थित मीडिया सेंटर में पत्रकार-वार्ता

**कांग्रेस फेल, कांग्रेस की गारंटियां भी फेल**
**एमपी में लाडली बहना, राजस्थान में लुट गई बहना**
**कांग्रेस राज में गहलोत सरकार की 'गृहलूट' मची है**
**छत्तीसगढ़ में सट्टा खेलो, भू-पे करो**
**झूठे दावे, झूठे वादे,कांग्रेस के नहीं है नेक इरादे**
**हिमाचल ठगा, कर्नाटक ठगा, ठग लिया पूरा राजस्थान, झूठी गारंटियों का पहन के चोला फिर ठगने निकला कांग्रेस हाई कमान**
**- श्री अनुराग ठाकुर**




भोपाल। कांग्रेस पार्टी झूठी है उसकी गारंटियां भी झूठी हैं। कांग्रेस फेल उसकी गारंटियां भी फेल। कांग्रस ने हिमाचल में सात गारंटियों में से एक को भी पूरा नहीं किया। न 1500 रुपए बहनों के खाते में अभी तक आए न दूध का दाम 100 रुपए लीटर किया गया। मध्यप्रदेश में अब चुनाव है तो कांग्रेस नया चोला पहनकर नई गांरटियां दे रही है। किसानों का कर्ज माफी की गारंटी पूरी नही की गई, युवाओं को रोजगार नहीं दिया गया। जनता समझदार है वो कांग्रेस के झासे में नहीं आएगी। यह बात केंद्रीय मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने प्रदेश मीडिया सेंटर में पत्रकार-वार्ता में कही।

**राहुल गांधी की एक भी गारंटी पूरी नहीं**

ठाकुर ने कहा कि कमलनाथ सरकार ने 15 महीने के शासनकाल में एक भी गारंटी को पूरा नहीं किया। राहुल गांधी जी ने मध्यप्रदेश में आकर कहा था सभी किसानों की कर्ज माफ कर दिया जाएगा। 2 लाख का कर्ज माफ की गारंटी को पूरा नहीं किया गया। बेरोजगारी भत्ता देने की गारंटी भी फेल हो गई। यहां तक की कांग्रेस ने प्रदेश में कन्यादान योजना तक में 51 हजार रुपए देने का वादा तक पूरा नहीं किया।

**युवाओं के साथ भाजपा सरकार**

श्री ठाकुर ने कहा कि मध्यप्रदेश में युवाओं को रोजगार देने की दिशा में कई सार्थक कदम भाजपा सरकार ने उठाए। युवाओं को लर्निंग के सार्थ अर्निंग के तौर पर मु ममंत्री सीखो कमाओ योजना का लाभ युवाओं को मिल रहा है। यह भाजपा सरकार की सोच बताती है कि युवाओं को किस तरह से आगे बढ़ाकर प्रदेश को विकसित राज्य की दिशा में लगातार आगे बढ़ाना है। कांग्रेस के शासनकाल में मध्यप्रदेश बीमारू राज्य था, लेकिन अब भाजपा राज में बेमिसाल राज्य बन गया है।

**पांच साल 80 करोड़ लोगों को मिलेगा मु त राशन**

श्री ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने कोरोना काल में केवल एक ही बात की चिंता की कोई गरीब भूखा नहीं सोए। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने अब आने वाले पांच साल तक और 80 करोड़ लोगों को मु त राशन देने की घोषणा शनिवार को छत्तीसगढ़ में की है। उज्वला योजना हो या किसानों के बैंक खाते में सीधे रुपए आने का इसका फायदा मध्यप्रदेश की जनता को भी बड़े स्तर पर मिल रहा है।

**एमपी में महिलाओं का स मान ,राजस्थान में अपमान**

श्री ठाकुर ने कहा कि मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार लाड़ली बहना योजना के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण कर रही है, उन्हें आर्थिक तौर पर मजबूत बना रही है, वहीं राजस्थान में कांग्रेस सरकार के राज में महिला अत्याचार चरम पर है। राजस्थान में महिला उत्पीड़न के कांग्रेस के शासनकाल में 2 लाख से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं। महिलाओं का राजस्थान में तिरस्कार किया जा रहा और मध्यप्रदेश में पुरस्कार दिया जा रहा। लाड़ली बहना योजना हो या लाडली लक्ष्मी योजना कई योजनाएं मध्यप्रदेश में महिलाओं को मजबूत कर रही हैं।

**छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार करो , भू-पे करो**

श्री ठाकुर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में तो अब यह कहावत चल पड़ी है कि भ्रष्टाचार करो भू-पे करो। प्रदेश में 508 करोड़ का महादेव ऐप सट्टा घोटाले ने वहां के मु यमंत्री भूपेश बघेल की सारी पोल खोलकर रख दी है। इसके पहली भी गोबर,गोठान और शराब घोटाला छत्तीसगढ़ में सामने आ चुके हैं। छत्तीसगढ़ सरकार में हो रहे घोटालों से वहां की जनता समझ चुकी है कि कांग्रेस में गारंटियां नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार की दुकान फल फूल रही है।

**कांग्रेस की 7 गारंटियां फेल**

श्री ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सात गारंटियां फेल हो गई। महिलाओं को 1500 रुपए हर महीने की गारंटी पूरी नहीं हुई। 1 लाख नौकरी देने का वादा किया था, लेकिन 1 हजार को भी नौकरी नहीं दी गई। गोबर 2 रुपए किलो और दूध उत्पादकों से 100 रुपए लीटर दूध खरीदा जाएगा यह गारंटी भी अधूरी है। श्री ठाकुर ने कहा 300 यूनिट बिजली फ्री की गारंटी दी गई थी, लेकिन गारंटी नहीं हो पाई पूरी। 680 करोड़ का स्टार्टअप फंड का देंने की गांरटी दी गई थी, लेकिन 60 करोड़ भी मिल जाते तो बड़ी बात थी। श्री ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने मोबाइल ` लीनिक से हर गांव में मु त इलाज की गारंटी दी गई थी, लेकिन लोगों को बाहर इलाज करना पड़ रहा है। बागवानों को कहा गया था कि बागवान खुद फलों का दाम तय करेंगे, लेकिन अभी तक गारंटी पर कांग्रेस सरकार का कोई ध्यान नहीं है। श्री ठाकुर ने कहा कि झूठे दावे, झूठे वादे,कांग्रेस के नहीं है नेक इरादे इसलिए चुनावों में कांग्रेस पर भरोसा नहीं करें और भाजपा प्रत्याशियों को जिताकर प्रदेश के विकास को जो रास्ता खुला है उसे चालू रखे।

## दिवाली के मोके पर दिव्यांग बच्चो ने बनाये आकर्षक दिये

मंडला यशोः- जस्टिस तंखा मेमोरियल स्कूल बड़ी खेरी मंडला के दिव्यांग बच्चो द्वारा दीपाली के मोके पर आर्षक दिये बनाये गये । यह स्कूल रोटरी` लब द्वारा संचालित किया जाता है और यह ज़िले का एकमात्र ऐसा स्कूल है जहां दिव्यांग बच्चो को शिक्षा दी जाती है । इन दियो को आकर्षक नाइट लै प क्रा ट वर्क के ज़रिये सजाया जाता है जो देखने मे अत्यधिक सुंदर होता है और इसे बनाने मे इन बच्चो का योगदान सबसे अधिक होता है । इन सभी गतिविधियो के चलते बच्चो का आत्मविश्वास तो बढ़ता ही है साथ ही साथ उन्हे आत्मनिर्भर बनने की भी शिक्षा मिलती है ।

## इव्हीएम एवं व्हीव्हीपेट मशीनों का एफएलसी एवं मॉक पोल किया गया



सिवनी यशोः- विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत अतिरिक्त वोटिंग मशीनों की रविवार 05 नवंबर 2023 को अपर कले टर सुश्री सुनीता खंडायत की उपस्थिति में बैंगलोर से आए भेल के इंजीनियरो एवं श्री के के मेश्राम द्वारा एफएलसी कार्यों का भौतिक सत्यापन किया गया एवं मॉक पोल किया गया। इस अवसर पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही। एफएलसी कार्य के दौरान मशीनों की संचालन स्थिति का अवलोकन किया गया।

## उ मीदवारों को आपराधिक प्रकरण का विज्ञापन जारी करना होगा

**प्रथम प्रकाशन 2 से 6 नव बर, द्वितीय प्रकाशन 7 से 10 नव बर और तृतीय प्रकाशन 11 से 15 नव बर तक**

सिवनी यशोः- निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधान सभा निर्वाचन लड़ रहे अ यर्थियों एवं राजनैतिक दल आपराधिक इतिहास के विवरण सर्व साधारण की जानकारी के अलग-अलग समाचार पत्रों में प्रकाशित करेंगे। प्रथम प्रकाशन अ यर्थिता वापसी दिनांक से 4 दिवस के अन्दर (2 नव बर से 6 नव बर के मध्य), द्वितीय प्रकाशन 7 नव बर से 10 नव बर के मध्य और तृतीय प्रकाशन 11 नव बर से प्रचार समाप्ति तक (मतदान दिवस 17 नव बर से दो दिवस पूर्व दिनांक 15 नव बर तक) किया जाना है।

आयोग के दिशा-निर्देशानुसार राष्ट्रीय समाचार पत्र जिनकी कम से कम एक संस्करण की सं या डीएवीपी/ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशन के मानक अनुसार न्यूनतम 75000 से अधिक हो एवं जिनका एक से अधिक राज्य में सर्कुलेशन हो तथा इसी प्रकार ऐसे स्थानीय समाचार पत्रों जिनमें सं या डीएवीपी/ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशन के मानक अनुसार न्यूनतम 25000 हो, में प्रकाशन की कार्यवाही की जाना है।

रिटर्निंग ऑफीसर के हैण्डबुक के एने जर-47 के आपराधिक प्रकरण वाले अ यर्थी एवं राजनैतिक अंतर्गत प्रारूप सी-1 से सी-8 तथा प्रारूप सीए का उल्लेख है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समय-समय पर दिये गये निर्णयों के परिप्रेक्ष्य में निर्वाचन लड़ रहे अ यर्थियों एवं राजनैतिक दलों से अपेक्षा की गई है कि आपराधिक इतिहास के विवरण सर्वसाधारण की जानकारी के अलग-अलग समाचार पत्रों में प्रकाशित की जाए।

## नुक्कड़-नाटक सहित अन्य गतिविधियां आयोजित करके मतदाताओं को मतदान करने हेतु किया जा रहा जागरूक

### मतदाता जागरूकता चुनर यात्रा रैली 06 नव बर को

सिवनी यशोः- विधानसभा निर्वाचन 2023 स्वीप गतिविधि अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा संपूर्ण जिले में सतत मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं एवं विभागों द्वारा भीड़-भाड़ वाले स्थानों, बाजारों एवं चौराहा में नुक्कड़-नाटक, गीत संगीत, मानव श्रृंखला, मतदाता पाती, रैली, गृह भेंट एवं मतदाता जागरूकता प्रचार रथ के माध्यम से मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में सहभागी बनते हुए मतदान दिवस आगामी 17 नवंबर को मतदान करने हेतु



प्रोत्साहित किया जा रहा है।

इसी क्रम में आगामी 06 नव बर को जिला प्रशासन द्वारा रैली सिवनी नगरीय क्षेत्र में चुनर यात्रा रैली निकाली जायेगी। जिसमें सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप के सदस्य शामिल होंगे। चुनर यात्रा रैली सर्किट हाउस से प्रारंभ होकर गांधी भवन, शुक्रवारी बाजार, नेहरूरोड, नगरपालिका, बसस्टेंड, पोस्ट ऑफिस के सामने से होतेहुये मिशन स्कूल ग्राउंड में समाप्त होगी।

## विधायक अर्जुन सिंह काकोडिया ने कुरई क्षेत्र में जनसंपर्क कर मांगा आशीर्वाद

बरघाट यशोः - बरघाट विधानसभा के विधायक कांग्रेस प्रत्याशी अर्जुन सिंह काकोडिया का चुनावी जनसंपर्क जोर शोर से जारी है। विधायक सुबह से लेकर देर रात्रि तक वे मतदाताओं से भेंट मुलाकात कर रहे हैं। इसी क्रम में विधायक अर्जुन सिंह काकोडिया ने शनिवार को कुरई के धोबीटोला रमपुरी, कुड़वा, सेवनकन्हार, पिटेसुर, आगरी, पीपरवानी, पारसपानी, जटामा, सिल्लारी, हाथीगढ, बावली, पिंडरई, पुलपुला, सेवनकन्हार मे जनसंपर्क किया।



**जहां पार्टी कार्यकर्ताओं और जनता ने अपने प्यारे विधायक अर्जुन सिंह काकोडिया का जोरदार स्वागत किया**

आज के अभियान में कई आदिवासी बहुल इलाके पहुंचे जहां स्थानीय ग्रामीण ने पूरी गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। जनसंपर्क के दौरान क्षेत्र की महिलाओं ने अपने विधायक अर्जुन सिंह काकोड़िया के माथे विजय तिलक लगाकर, आरती उतारकर स्वागत किया।

जनसंपर्क के दौरान विधायक काकोडिया ने महादेव मंदिर सहित कई मंदिरो में पूजा अर्चना कर आशिर्वाद लिया। विधायक ने जनता के सामने क्षेत्र में किए गए विकास एवं लोकहित के कार्यों का ब्योरा भी रखा। जनता ने भी इलाके में किए गए कामों के लिए विधायक का आभार जताया।

# स्टेट एजुकेशनल अचीवमेंट सर्वे का निरीक्षण

सिवनी यशोः- जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल एवं श्री क्षितिज सिंघल कले टर के निर्देशानुसार स्टेट एजुकेशनल अचीवमेंट सर्वे (स्थ्रस)-2023 अंतर्गत सिवनी जिले में विगत 03 नव बर 2023 को कक्षा-3, 6 एवं 9वीं के लिए कुल-353 शालाओं तथा 484 कक्षाओं में सर्वे कराया गया। सर्वे हेतु जिला स्तर 06, विकासखंड स्तर पर 24 कोआर्डिनेटर्स तथा से पल कक्षाओं में 484 फील्ड इन्वेस्टिगेटर्स नियुक्त किये गये थे।



सर्वे के नोडल अधिकारी/जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस.एस.कुमरे एवं गठित दल के सदस्य सहा.संचालक श्री आर.पी.पाटिल, प्राचार्य श्री सी.एल.झारिया एवं श्री एस.डी.मैकेन्जी द्वारा जिले अंतर्गत से पल शालाओं एवं अन्य शालाओं शास.हाईस्कूल बोरदई, प्राथ.शाला जनतानगर, शास.हाईस्कूल टिकारी, शास.उ.मा.वि.अरी, शास.उ.मा.वि.गंगेरूआ, माध्य.शाला ब हनी, प्राथ.शाला ब हनी, प्राथ.शाला मरारीटोला, माध्य.शाला मानेगांव, हाईस्कूल कांचना, शास.उ.मा.वि.खामी, प्राथ.शाला नगझिर, शास.उ.मा.वि.बुढ़ैनाकलां, माध्य.शाला करकोटी, शास.हाईस्कूल करकोटी, प्राथ.शाला इमलीटोला, प्राथ.शाला रिन्झाईटोला, प्राथ.शाला मुण्डरई, शास.उ.मा.वि.भोमा, प्राथ.शाला चुरनाटोला, माध्य.शाला चुरनाटोला का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान शास.प्राथ.शाला जनतानगर में कविता राजपूत प्राथ.शिक्षक एवं शमशाद खान प्राथ.शिक्षक, शास.हाईस्कूल टिकारी में राजेश डोंगरे माध्य.शिक्षक एवं ज्योति राठी प्राथ.शिक्षक, शास.उ.मा.वि.गंगेरूआ में प्राचार्य डॉ. आराधना राजपूत, गणित विषय शिक्षक, शास.माध्य.शाला ब हनी में सुरेश कुमार हनुवत माध्य.शिक्षक, शास.प्राथ.शाला मरारीटोला में उर्मिला तिवारी प्राथ.शिक्षक, मीना पंचेश्वर प्राथ.शिक्षक, शास.उ.मा.वि.खामी में रघुवर चौधरी उ.मा.शि., शास.प्राथ.शाला नगझिर में लक्ष्मी पन्द्रे प्राथ.शिक्षक, शास.प्राथ.शाला रिन्झाईटोला में माखनलाल अहिरवार प्राथ.शिक्षक निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये गये। शास.प्राथ.शाला इमलीटोला एवं शास.प्राथ.माध्य.शाला चुरनाटोला में निर्धारित समय के पूर्व बंद पाई गई हैं। इस प्रकार संबंधित शिक्षको का एक दिवस का वेतन काटते हुये कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया है।

प्राचार्य डाईट केवलारी श्री के.के.पटेल के द्वारा शास.सी.एम.राईज विद्यालय केवलारी एवं शास.कन्या उ.मा.वि.केवलारी का निरीक्षण किया गया एवं जिला परियोजना समन्वयक महेश कुमार बघेल द्वारा ने.सु.चं.बो.शास.उ.मा.वि.सिवनी, शास.उर्दू उ.मा.वि.सिवनी एवं मार्डन हायर सेकेण्डरी सिवनी का निरीक्षण किया गया, जिले में सर्वे कार्य सुव्यवस्थित संचालित पाया गया।

## जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता

सिवनी यशोः- उपसंचालक कृषि ने बताया कि जिले में जायद फसलों की बोनी का कार्य निरन्तर चल रहा है। कृषकों द्वारा बोनी के समय ही उर्वरकों का आधार डोज खेतों में डाला जाता है। इस परिस्थिति को ध्यान में रखते हुय जिला प्रशासन एवं उपसंचालक कृषि द्वारा जिले में उर्वरकों की उपलब?धता सुनिश्चित करने हेतु विशेष प्रयास किये जा रहे है। कले टर श्री क्षितिज सिंघल द्वारा उर्वरकों के भंडारण वितरण की समीक्षा कर कृषकों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गये है।

इसी परिपेक्ष्य में उपसंचालक कृषि श्री मोरिसनाथ एवं अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा डबल लॉक केंद्र सिवनी सहित अन्य उर्वरक भण्डारण केन्द्रों का निरीक्षण कर खाद



उपलब्धता का निरीक्षण किया गया एवं कॉउन्टर लगवाकर सुचारू रूप से उर्वरक वितरण करवाने के निर्देश।

किसानों को उर्वरक प्राप?त करने संबंधित किसी भी प्रकार की परेशानी हो तो संबंधित अनुविभागीय अधिकारी कृषि श्री प्रफुल?ल घोडेश?वर सिवनी मो.न.7693955285 (सिवनी, बरघाट, कुरई, केवलारी) विकासखण?ड के? लिये एवं श्री राजेश मेश्राम अनुविभागीय अधिकारी कृषि-लखनादौन मो.न. 9425851371 (छपारा, लखनादौन, घंसौर, धनौरा) विकासखण्ड के लिए स पर्क करें।

## युवा मोर्चा के पूर्व नगर अध्यक्ष राहुल पांडे ने साथियों सहित कॉग्रेस की सदस्यता ग्रहण की



सिवनी यशोः- सिवनी विधानसभा से काग्रेस पार्टी ने युवा आनंद पंजवानी को जब से अपना प्रत्याशी घोषित किया है तब से सिवनी विधानसभा के ग्रामीण एवं नगरीय युवाओ में आनंद पंजवानी के प्रति अपना समर्थन देने के लिये होड़ सी लग गयी है; प्रत्याशी घोषित होने से लेकर अभी तक बडी सं या में युवा आनंद के समर्थन में कांग्रेस पार्टी की सदस्यस्ता ग्रहण कर रहे है इसी तारत य में सिवनी नगर के कबीर वार्ड से युवा मोर्चा के पूर्व नगर अध्यक्ष राहुल पांडे ब्रा हण समाज युवा शाखा के संदीप दुबे, कबीर वार्ड से निर्दलीय चुनाव लड़े मिलिन्द्र टीनू पन्द्रे भाजपा पिछडा वर्ग युवा मोर्चा के अध्यक्ष दिलीप सिंह जंघेला ने जिला कांग्रेस कार्यालय आकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना, सिवनी विधानसभा युवा कांग्रेस प्रत्याशी आनंद पंजवानी, जिला संगठन मंत्री पंकज शर्मा, नगर अध्यक्ष इमरान पटेल, अखिल भारतीय युवक कांग्रेस के प्रभारी मानसिंह राठौर सोहेल पाशा, ध्रुव नारायण चैधरी, गेंदलाल भलावी, विपिन यादव की उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। राहुल पांडे के द्वारा अपने साथियों सहित सदस्यता ग्रहण करने जिला एवं नगर कांग्रेस द्वारा बधाई प्रेषित करते हुये आशा व्यक्त की है कि जिले में कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करने के साथ ही सिवनी विधानसभा के युवा प्रत्याशी आनंद पंजवानी को विजयी बनाने में सहयोग करेगें।

## जो मतदान न करें,उसे मूलभूत सुविधाओं से वंचित करें - डॉ रामकुमार चतुर्वेदी

सिवनी यशोः- डी.पी. चतुर्वेदी विधि महाविद्यालय सिवनी में मतदाता जागरूकता अभियान के संदर्भ में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन दिनांक 4 नवंबर को महाविद्यालय के सभाकक्ष में किया गया जिसमें विधि के समस्त विद्यार्थियों के द्वारा मतदान की अनिवार्यता और 100% मतदान कैसे कराया जाए इन बिंदुओं पर सुझाव रखे गए और दिनांक 17 नवंबर को होने वाले मतदान में सभी विद्यार्थियों ने अपने-अपने क्षेत्र में मतदाताओं को मतदान केंद्र तक ले जाने का औरं 100% मतदान करवाने का संकल्प लिया। कार्यशाला के मु य वक्ता के रूप में मतदाता अभियान के दिव्यांग आईकॉन व महाविद्यालय के संचालक डॉ. रामकुमार चतुर्वेदी ने मताधिकार को भारतीय संविधान के अंतर्गत अनिवार्य कर्तव्य के रूप में निरूपित करते हुए इस बात का आह्वान किया कि यदि जो व्यक्ति मतदान नहीं करता है उसे शासन की सुविधाओं से वंचित कर दिया जाना चाहिए इसे एक नैतिक कर्तव्य के रूप में अनिवार्य रूप से पालन कराए जाने की आवश्यकता है तभी हम 100% मतदान के लक्ष्य को पूरा कर सकेंगे। विधि विभागाध्यक्ष एडवोकेट अखिलेश यादव ने कहा कि समाज का अधिकांश बुद्धिजीवी वर्ग मतदान के दिवस को अवकाश दिवस के रूप में मानता है और बजाय मतदान करने के वीकेंड मनाने पिकनिक स्पॉट पर चला जाता है जबकि उसे भी लोकतंत्र की स्थापना में अपनी महत्वपूर्ण जि मेदारी का निर्वाह करना चाहिए। डॉ. महेंद्र नायक ने इस स्लोगन के साथ अपनी बात को प्रारंभ किया की ÷सभी काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो÷ उन्होंने भी मतदान को एक अनिवार्य कर्तव्य के रूप में बताते हुए मताधिकार की आयु को 21 वर्ष से घटकर 18 वर्ष किए जाने से संबंधित संविधान संशोधन का उल्लेख किया। अमन चौबे ने मताधिकार का लोकतंत्र की स्थापना में` या महत्व होता है और कम मतदान होने से कौन-कौन सी परिस्थितियों निर्मित होती है बताया। श्री दीपक पटले ने मतदान कैसे अधिक से अधिक कराया जाए और बिना किसी लालच बिना किसी प्रलोभन के सफल मतदान निष्पक्ष मतदान हो सके इस विषय पर अपनी बात को रखा। श्रीमती अन्नपूर्णा मिश्रा ने अपना वक्तव्य मतदान से संबंधित कविता के माध्यम से रखते हुए मतदाने यों आवश्यक है और कम मतदान से कौन-कौन सी विपरीताएं उत्पन्न होती है इन बिंदुओं पर विषय को रखा। श्री देवी सिंह निर्मलकर ने ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं को पार्टियों व उ मीदवारों द्वारा अपने पक्ष में मतदान के लिए जो प्रलोभन दिया जाता है इसका उल्लेख करते हुए उसे पर रोक लगाने और निष्पक्ष मतदान करने का आह्वान किया। जिन विद्यार्थियों ने -÷100% मतदान करवायेंगे ,अपना कर्तव्य निभायेंगे ÷के संकल्प को लेते हुए अपने विचार रखें उनमें अर्पित तिवारी, अनिकेत दूदानी, हर्षित रावलानी, मोहित श्रीवास्तव, विजेंद्र नामदेव,मनी मात्रे,गौतम उइके, धर्मेंद्र सनोडिया, सुनील कुमार जंघेला,पारस मणी परवारी, रजनी पटेल, कामाक्षा यादव संगीता साहू, मुस्कान यादव,
अनसुईया पटवा, सैफाली यादव, रानी सती मणावे, संस्कृति उके, गायत्री चौकसे,आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# स्वच्छता का संदेश देने वाली नगर पालिका नहीं करवा पा रही बस स्टैंड परिसर की सफाई





**- खंडर बना बस स्टैंड**
**- बस स्टैंड के अंदर के अलावा मेन रोड मे लग रही बस**
**- बस चालको की मनमानी का समर्थन कर रहा यातायात विभाग और नगर पालिका**
**- होटल चालको द्वारा फैलायी जा रही गंदगी पर कोई कार्यवाही नहीं**
**- खराब खड़ी है कई बस पर बस चालको पर कोई कार्यवाही नहीं**

मंडला यशो:- नगर पालिका परिषद की लीला कुछ निराली ही है । वर्तमान की नगर पालिका परिषद द्वारा किये जा रहे कार्य या तो अधूरे पड़े हुये है या हो ही नहीं रहे है इसलिये यह कहना सही होगा की नगर पालिका परिषद मंडला को काम न करने वाली नगर पालिका के नाम से जाना जाने लगा है । जिन हालतों का अभी ज़िक्र हुआ उनकी गवाही नगर का मु य बस स्टैंड हूबहू दे रहा है । यहाँ पर फैली गंदगी, जगह ङ्क जगह लगी झड़िया, हर जगह फैली पोंलिथीन और परिसर को मूत्रालय बनाती जनता प्रधान मंत्री द्वारा चलाई जा रही स्वे छ भारत अभियान की भरपूर धज्जियां उड़ा रही है और आपकी जानकारी के लिये बता दे की वर्तमान मे नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष भाजपा के ही है और वो अपनी ही सरकार द्वारा चलायी जाने वाली योजना का क्रियान्यवयन ज़िले मे नहीं करवा पा रहे है । यहाँ वायस गंदगी से आम आदमी और आस ङ्क पास के निवासी बहुत अधिक परेशान है और उन्होने इस विषय मे काफी शिकायते वार्ड की पार्षद और मु य नगर पालिका अधिकारी से की पर इन पर कोई कार्यवाही आज तक भी नहीं की गई।

**खंडर बनता जा रहा बस स्टैंड परिसर , अंदर पर्याप्त जगह होने के बाद भी मेन रोड पर लग रही बस**

नगर के बस स्टैंड परिसर को काफी बड़ी सोच के साथ एक योजना के तहत बनाया गया था उसमे नगर पालिका के नियमो के अनुसार बस चालको द्वारा टिकिट काटने और बस खड़े करने तक की नियम बनाये गये थे पर वर्तमान मे बस चालको द्वारा सारे नियमों की धज्जियाँ उड़ाई जा रही है । बस चालको द्वारा मेन रोड मे बस स्टैंड के गेट के पास सवारी लेने के लीये बस लगाई जाती है जिस कारण इस जगह काफी ज़्यादा ट्राफिक जाम होता है जबकि सवारी भरने और टिकट का काम परिसर के अंदर से किया जाना था पर वर्तमान मे परिसर के अंदर खराब बस ही खड़ी है और उनकी आड़ मे सारे अवैध काम संचालित हो रहे है । इन सब की जानकारी होने के बाद भी कुछ कार्यवाही न होना विभाग की सोती मानसिकता का परिचय दे रहा है ।

**होटल चालको द्वारा फैलाई जा रही गंदगी , जगह ङ्क जगह लगा पोलिथीन और गंदगी का अंबार**

वर्तमान मे भारत सरकार स्वे छ्ता को लेकर काफी गंभीर है इसलिये सरकार द्वारा स्वे छ भारत अभियान चलाया रहा है पर नगर पालिका परिषद को इस योजना की कोई परवाह ही नहीं है इस बात की गवाही बस स्टैंड परिसर बखूबी देता है । यहाँ जगह ङ्क जगह होटल चालको द्वारा गीला कचरा फेका जाता है और गंदा पानी बहाया जाता है यहाँ आस पास झड़िया भी लगी हुई है और वहाँ बहुत अधिक मात्रा मे पोलिथीन और गीले कचरे का अंबार लगा रहता है । जिस कारण यहाँ के आस पास रहने वाले लोगो मे बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है । इस विषय मे यहाँ के आम नागरिकों द्वारा बार ङ्क बार नगर पालिका अधिकारी और सफाई अधिकरी को शिकायत की गई पर आज तक भी कोई कार्यवाही नहीं की गई ।

साफ - सफाई एक बहुत ही सामान्य और ज़रूरी मुद्दा है और नगर पालिका के अधिकारीयो को चाहिये की बस स्टैंड मे अवैध रूप से खड़ी सारी बसों को हटवाया जाय और सारे परिसर की साफ ङ्कसफाई की जाये और इसे अंदर से चालू किया जाय ताकि नगर पालिका एक उदाहरण पेश कर सके ।

## प्रेक्षकों ने ली रिटर्निंग ऑफीसर एवं अ यर्थियों की बैठक

मंडला यशो:- विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के अंतर्गत मण्डला एवं निवास विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक शाहनवाज चौधरी, पुलिस प्रेक्षक रूपेश कुमार मीणा एवं व्यय प्रेक्षक एस. सत्यनारायण ने निवास विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफीसर तथा अ यर्थियों की बैठक ली। इस अवसर पर सामान्य प्रेक्षक श्री चौधरी ने सभी अ यर्थियों का आव्हान किया कि वे निर्वाचन को लोकतंत्र के त्यौहार के रूप में मनायें। स पूर्ण निर्वाचन के दौरान आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें। बैठक में पुलिस प्रेक्षक रूपेश कुमार मीणा ने निर्वाचन के दौरान सुरक्षा की व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी। व्यय प्रेक्षक एस. सत्यनारायण ने कहा कि सभी अ यर्थी निर्वाचन के संबंध में व्यय के नियमों का पालन करें तथा आवश्यक जानकारी समय पर उपलब्ध करायें। बैठक में मतदाता सूची, मतदान केन्द्र, होम वोटिंग, आदर्श आचरण संहिता, कमिशनिंग सहित अन्य महत्वपूर्ण तिथियां, व्यय रजिस्टर, रेटलिस्ट, प्री-सर्टिफिकेशन, मतदान केन्द्र से डाक मतपत्र तथा मतगणना स्थल आदि के संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुये आवश्यक जानकारियां दी गई तथा मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु भी बतलाया गया। अनुविभागीय अधिकारी निवास के कार्यालय में में स पन्न हुई इस बैठक में रिटर्निंग ऑफीसर शाहिद खान सहित सभी अ यर्थी के निर्वाचन अभिकर्ता अभिकर्ता तथा संबंधित उपस्थित रहे।

## निर्वाचन कार्य को बेहतर ढंग से संपन्न कराएं - डॉ. सिडाना

**निवास विधानसभा के मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण संपन्न**



मंडला यशो:- विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के अंतर्गत निवास विधानसभा हेतु मतदान कराने के लिए गठित दलों का प्रशिक्षण शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मण्डला में आयोजित किया गया। कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान दल के सभी सदस्य एक टीम के रूप में कार्य करते हुए निर्वाचन कार्य को बेहतर ढंग से संपन्न कराएं। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कूमट, सहायक कले टर रवि कुमार सिहाग, रिटर्निंग ऑफिसर निवास शाहिद खान सहित संबंधित उपस्थित रहे।

कले टर ने मतदान दलों को मतदान दिवस पर अत्यधिक सावधानी बरतने की समझाईश दी। निर्वाचन की गंभीरता को समझते हुए सभी कर्मचारी निष्पक्षता से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। सभी प्रशिक्षणार्थी निर्वाचन की बारीकियों को ध्यान से समझें। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स द्वारा पूर्व प्रशिक्षण के उपरान्त अपनी शंकाओं का समाधान, सावधानियां, ईडीसी एवं पोस्टल बेलेट से मतदान की प्रक्रिया तथा स पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया एवं प्रपत्रों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

## वरिष्ठ तथा विकलांग मतदाताओं का किया गया स मान



मंडला यशो:- विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए अलग-अलग गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में शनिवार को जिले के ग्रामीण अंचलों में विकलांग तथा 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ मतदाताओं से उनके घर-घर जाकर संपर्क किया गया। बुजुर्ग तथा विकलांग मतदाताओं से नैतिक मतदान की अपील करते हुए संबंधित बीएलओ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, अधिकारीगण तथा स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने उनके पूर्व अनुभवों को भी जाना। इसी कड़ी में नैनपुर, वनग्राम गोरखपुर, किसली, छतरपुर घुघरी सहित अन्य ग्रामों में पहुंचकर वरिष्ठ तथा विकलांग मतदाताओं का स मान किया गया।

## ग्राम पंचायत किन्द्री मे लाइट की समस्या से ग्रसित है ग्रामीण

मंडला यशो:- ज़िले की ग्राम पंचायत किन्द्री मे ग्रामीण लो वोल्टेज की समस्या से लंबे समय से ग्रसित है जब हम पंचायत गये और हमने ग्रामीणों से मुलाक़ात की तो पता चला की ग्राम पंचायत मे लाइट की समस्या बीते 2 वर्षो से लगातार बनी हुई है। जिस कारण यहाँ के ग्रामीणों की जीवनशेली अत्यधिक प्रभावित हुई है । मनोरंजन से लेकर सिचाई तक की सुविधा से कम वोल्टेज के चलते ये ग्रामीण वंचित रह रहे है । यहाँ आये दिन ट्रान्स्फ़ोर्मर मे खराबी आती रहती है और शिकायत करने पर कई दिनो तक विद्धुत विभाग द्वारा कार्यवाही नहीं की जाती ऐसा ग्रामीणों द्वारा जानकारी दी गई । जब इस विषय पर वहाँ के पंचो और सचिव से बात की गई तो यह जानकारी मिली की यहाँ पर ट्रांसफार्मर का लोड ग्राम पंचायत की ज़रूरत से कम का है जिस कारण यह समस्या आ रही है । पिछले कई सालो मे ग्रामीणों द्वारा अनेक शिकायते जनपद , ज़िला प्रशासन और विद्धुत विभाग मे की गई पर पिछले 1 साल मे किसी के कान मे जू तक नहीं रेंगी जिसका नतीजा यह है की आज ग्रामीण खेतो की सिचाई तक इस वर्ष नहीं कर पाये है । यह विद्धुत विभाग की लापरवाही का एक बहुत बड़ा नमूना है की जहां लगभग 1 साल से ग्राम पंचायत की जनता बिजली की सुविधा दुरुस्त करने की मांग कर रही है और विभाग आखे बंद किये बैठा है और तो और बिजली का बिल हर महीने इन गरीब ग्रामीणों को दे दिया जाता है और वसूला जाता है यह जनता का शोषण नहीं तो और` या है यह सरकार ही तय करे ।

### हाई टेंशन बिजली के तार से बस में लगी आग ड्राइवर और कंड टर घायल

सिवनी यशो:- सिवनी जिले के धनोरा थाना क्षेत्र के सुनवारा चौकी अंतर्गत बारुबंद के समीप एक बस में आग लग गई। इसके कारण ड्राइवर और कंडे टर झुलस गए। जिन्हें अस्पताल भेजा गया है। जानकारी के अनुसार, सुखसागर नेत्रालय मुकुंद वारा बरगी की एक बस में नेत्र रोगियों को उपचार के बाद छोड़ने आई एक बस (एमपी 20 क्क1009) वापस लौट रही थी। तभी बारूबंद के समीप हाई टेंशन लाइट के तारों के संपर्क में आ गये

## श्रीअष्टलक्ष्मी महायज्ञ में गौर गणेश का होगा विशेष पूजन



मण्डला यशो:- श्रीअष्टलक्ष्मी महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत महापुराण देवदरा यज्ञ में जिस गौर गणेश का पूजन होगा यह गौर गणेश की गोबर की मूर्ति भारत की सबसे बड़ी गौशाला जडखोर राजस्थान की गौशाला से लाई गई है यह गौशाला श्रीकृष्ण की नित्य गौ चरण स्थली है। जहां पर 40 हजार गौवंश है। सप्त मृतिका में उपयोग होने वाली गौ रज श्री सूर श्याम गौ शाला चंद्र सरोवर गोवर्धन उत्तर प्रदेश से लाई गई है। चंद्र सरोवर गोवर्धन से जल और मिट्टी लाई गई है यहां चंद्रमा का प्राकट्य हुआ था। साथ ही मानसी गंगा का जल और श्री राधा कुंड का जल गोवर्धन परिक्रमा मार्ग से लाया गया है। जिसका सतउपयोग 17 दिसंबर से आयोजित श्रीमद् भागवत पुराण व श्रीअष्ट महालक्ष्मी यज्ञ में किया जाएगा। नीलू महाराज ने बताया कि जिला मु यालय में 17 दिसंबर से आयोजित श्रीअष्ट महालक्ष्मी यज्ञ एवं श्रीमद् भागवत पुराण का आयोजन किया जाएगा। इस श्रीअष्ट लक्ष्मी यज्ञ के पूर्णकालिक यजमान प्रधान यजमान गोवर्धन प्रसाद अग्रवाल एवं श्रीमति हेमलता अग्रवाल होंगी। वहीं यजमान के रूप में इंजी. लोकेश बिसेन छिंदवाड़ा, उदय नारायण सचान देवदरा, नीतेश पांडे देवदरा, वेद प्रकाश मिश्रा देवदरा, शैलेश गुप्ता लालीपूर होंगे। श्रीअष्ट लक्ष्मी महायज्ञ में तीन ध्वज स्थापित किये जायेंगे। यज्ञ में सबसे पहले जल पूजन होगा जल तत्व के सांकेतिक भगवान झूलेलाल हैं भगवान झूलेलाल के परम भक्त चकरघटा बिलासपुर के श्रीलाल साई 25 नव बर को मेहर बाबा कुटी यज्ञ स्थल में आएगें। जहां यज्ञ के संयोजक और आचार्य नीलू महाराज के साथ प्रथम ध्वज स्थापित करेंगे। यज्ञ शाला के अंदर के कलशों में 35 पवित्र नदियों का जल एवं चार समुद्रों का जल एवं 24 तीर्थों की मिट्टी छोड़ी जायेगी जिनमें नैमिसारन्य, काशी, वृंदावन, चारों धाम, जगन्नाथ पुरी, रामेश्वरम, द्वारिका, बद्रीका धाम, हरिद्वार, रेवा सागर संगम पुष्कर की मिट्टी प्रमुख हैं। जो यहां यज्ञ के दौरान देखने को मिलेगी। इस महायज्ञ में अनंत श्री स पन्न श्री जगदगुरू शंकराचार्य महाभाग स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज ज्योतिष बद्रिकाश्रम पीठाधीश्वर का आगमन होने जा रहा है। जिन्होंने यज्ञ में शामिल होने की अनुमति दी है। मण्डला में पहली बार दो-दो शंकराचार्यो का एक साथ आना महज संयोग है। वहीं तीसरे प्रमाणित पीठ पर प्रतिष्ठित शंकराचार्य को लाने का प्रयास किया जा रहा है। धर्मगुरू नीलू महाराज ने बताया कि मेहेर बाबा कुटी मैदान देवदरा में श्रीअष्ट लक्ष्मी महायज्ञ एवं श्रीमद भागवत महापुराण का आयोजन 17 दिस बर से 25 दिस बर तक होगा।

## बैगा बाहुल्य क्षेत्र भीमडोंगरी में मतदाता जागरूकता पाठशाला आयोजित

**लोकनृत्य और लोकगीतों से दिया मतदान करने का संदेश**



मंडला यशो:- जिला प्रशासन द्वारा मतदाता जागरूकता गतिविधियों के लिए जिलेभर में लगातार अलग-अलग गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना के मार्गदर्शन में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से अनेक नवाचार किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मंडला जिले के बैगा बाहुल्य क्षेत्र भीमडोंगरी में शुक्रवार को मतदाता जागरूकता के लिए पाठशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर जनजाति लोकनृत्य रीना, कर्मा, सैला आदि की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। साथ ही लोकगीतों के माध्यम से मतदान के लिए मतदाताओं को प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में श्याम बैरागी ने मतदाता जागरूकता के लिए स्थानीय भाषा में मतदाताओं को जागरूक किया। स्कूली छात्र-छात्राओं ने भी मतदाता जागरूकता के गीतों की थीम पर प्रस्तुतियां दी। कले टर डॉ. सलोनी सिडाना द्वारा सभी प्रतिभागियों को स मानित किया गया। आयोजन के दौरान विशाल मानव श्रृंखला बनाई गई तथा उपस्थित लोगों को नैतिक मतदान की शपथ दिलाई गई। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कूमट, सहायक कले टर रवि कुमार सिहाग, जनपद सीईओ कपिल तिवारी, उप संचालक कृषि मधु अली, सहायक संचालक महिला बाल विकास रोहित बड़कुल, छात्र-छात्राएं तथा बड़ी सं या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

**वोट, अधिकार के साथ हमारा कर्तव्य भी है**

कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने वनांचल क्षेत्र भीमडोंगरी में आयोजित चुनावी पाठशाला को संबोधित करते हुए कहा कि 17 नवंबर को जिले की तीनों विधानसभाओं में मतदान किया जाएगा। मतदान दिवस सभी मतदाताओं के लिए यह लोकतंत्र का उत्सव है। वोट अधिकार के साथ-साथ हमारा कर्तव्य भी है। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणजनों से मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने तथा लोकतंत्र के उत्सव में सक्रियता से सहभागिता करने का आव्हान किया।

**बच्चे अपने माता-पिता को समझाएँ मतदान का महत्व**

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों से अपील करते हुए कहा कि सभी बच्चे अपने घर के माता-पिता, बड़े-बुजुर्गों को 17 नवंबर को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित करें। सभी बच्चे अपने घर में लोकतंत्र में मताधिकार की उपयोगिता और महत्व की जानकारी दें। कले टर ने अपने संबोधन के दौरान उपस्थित लोगों को मतदान दिवस, मतदान केन्द्र, मतदान का समय तथा पहचान के रूप में उपयोग में आने वाले दस्तावेजों के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी।

**इवीएम से मतदान हुआ आसान - बाबूलाल**

कले टर से चर्चा के दौरान 80 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता बाबूलाल जाट ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि पहले मतदान की प्रक्रिया बहुत जटिल थी। वोट डालने में बहुत समय लगता था। इले ट्रॉनिक वोटिंग मशीन आने से मतदान की प्रक्रिया बहुत आसान हो गई है। मशीन से निकलने वाली पर्ची हमें बताती है कि जिसे हमने वोट किया है हमारा वोट उसी को मिला है।

**उमेश्वरी पहली बार करेगी वोट**

बांदरबाड़ी निवासी 18 वर्षीय उमेश्वरी मरावी पहली बार मतदान करेंगी। वह मतदान को लेकर बहुत उत्साहित है। उसने कहा कि मताधिकार के रूप में उसे निर्णय लेने का अधिकार प्राप्त हुआ है। वह स्वयं वोट करेगी और अपने परिवार तथा ग्राम के अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेगी। उमेश्वरी ने कार्यक्रम स्थल पर प्रदर्शित डमी ईवीएम से मतदान का अ यास भी किया।

## अ यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटित

मंडला यशो:- विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत 2 नवंबर को नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों को रिटर्निंग ऑफीसरों द्वारा चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए हैं। इस संबंध में जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 105 बिछिया के अन्तर्गत इंडियन नेशनल कांग्रेस से नारायण सिंह पट्टा को हाथ, भारतीय जनता पार्टी से डॉ. विजय आनंद मरावी को कमल, गोंड़वाना गणतंत्र पार्टी से इंजी. कमलेश तेकाम को आरी, निर्दलीय विनीत टोप्पो को ब्लैक बोर्ड तथा निर्दलीय सुनील उईके को बाल्टी का चिन्ह आवंटित किया गया है।

इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 106 निवास के अन्तर्गत इंडियन नेशनल कांग्रेस से चैनसिंह वरकड़े को हाथ, भारतीय जनता पार्टी से फग्गन सिंह कुलस्ते को कमल, गोंड़वाना गणतंत्र पार्टी से देवेन्द्र मरावी भोई को नागरिक, क्रांति जनशक्ति पार्टी से मनमोहन सिंह गौठरिया को आरी एवं निर्दलीय जेनीफर मेरी को झूला का चिन्ह आवंटित किया गया है।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 107 मंडला के अन्तर्गत इंडियन नेशनल कांग्रेस से डॉ. अशोक मर्सकोले को हाथ, बहुजन समाज पार्टी से इंदर सिंह उईके को हाथी, भारतीय जनता पार्टी से संपतिया उईके को कमल, गण सुरक्षा पार्टी से श्रीमती कलिया बाई कोकड़िया को बैटरी टार्च, बहुजन मुक्ति पार्टी से मानसिंह कोकड़िया को चारपाई, आजाद समाज पार्टी से शिशु सिंधु भलावी को केतली, निर्दलीय उर्मिला सिंह उइके को काँच का गिलास, कमलेश उईके को झूला, दीनदयाल कुमरे को बल्ला, सुन्हेर कुशराम को ब्लैक बोर्ड एवं सुरेन्द्र सिंह सिरश्याम को आरी का चिन्ह आवंटित किया गया है।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगोर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक- मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297